# नोएडा को सुपर स्वच्छता लीग अवॉर्ड से नवाजा गया

**नोएडा/लखनऊ, विसं।** केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में नोएडा को 'सुपर स्वच्छता लीग अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। नोएडा 3 से 10 लाख जनसंख्या वर्ग में सबसे स्वच्छ शहर रहा है। यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास मंत्री, अरविंद शर्मा और नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लोकेश एम द्वारा प्राप्त किया गया।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एम लोकेश ने बताया कि बीते एक वर्ष में नोएडा ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार, सभी वार्डों में नियमित सफाई अभियान, नागरिकों की भागीदारी और स्वच्छता कार्यों की डिजिटल ट्रैकिंग जैसे पहलों को सफलतापूर्वक लागू किया। यह सम्मान समन्वित प्रशासन, सक्रिय नगरीय प्रणाली और जागरूक नागरिकों की संयुक्त जीत है। नोएडा का यह सफर सभी शहरों के लिए प्रेरणा है।